समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# 4 मई को NEET परीक्षा मे केंद्रों पर रहेगी पहले से ज्यादा सख्ती, पटना मे प्रंशासन अलर्ट।

Publisher
Published on 03 May 2025



## Neet Exam: चार मई को होने वाले नीट यूजी एग्जाम को लेकर पटना मे सुंरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है, प्रशासन की तैयारी पूरी है. पटना मे 96 स्कूल एग्जाम सेटंर्स बनाए गए है.

देश भर में **नीट यूजी परीक्षा 2025, 4 मई** को होगी. **नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA)** के जरिए परीक्षा आयोजित की जाएगी. ये परीक्षा देश भर के 552 शहरों में एक ही पाली में होगी. परीक्षा दोपहर 2 बजे से शुरु होगी और शाम 5 बजे तक होगी. नीट एग्जाम ऑफलाइन मोड में आयोजित किया जाएगा.

**एग्जाम को लेकर कड़े सुरक्षा के इंतजाम**

बिहार में इस साल एग्जाम को लेकर कड़े सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं. सरकारी स्कूलों को ही परीक्षा केंद्र बनाया गया है. हर जिले में निगरानी समितियां बनाई गई हैं, जो केंद्रों की जांच कर रही हैं. पिछले साल परीक्षा पांच मई को हुई थी जिसमें बिहार सहित कुछ राज्यों में पेपर लीक गड़बड़ी धांधली के आरोप लगे थे.

सुप्रीम कोर्ट तक मामला गया था, लेकिन परीक्षा रद्द नहीं हुई थी. पेपर गड़बड़ी के ठोस सबूत नहीं मिले थे. इस बार कोई हंगामा नहीं हो. परीक्षा कदाचार मुक्त हो यह एक बड़ी चुनौती है. सख्ती बरती जा रही है. पटना में 96 स्कूल एग्जाम सेंटर्स बनाए गए हैं. इनमें आईआईटी, एनआईटी, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय और राज्य के सरकारी स्कूल शामिल हैं.

प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी और बायोमेट्रिक से ही प्रवेश दिया जाएगा. परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर ही पेन उपलब्ध करवाया जाएगा. परीक्षा केंद्र पर अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश और मोबाइल पर पाबंदी रहेगी. परीक्षार्थियों को प्रवेश देने से पहले उनकी आईडी व प्रवेश-पत्र की गहनता से जांच की जाएगी. पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की

ड्यूटी लगायी गयी है.

**104 स्टैटिक दंडाधिकारियों, 20 नोडल पदाधिकारी व 96 पुलिस पदाधिकारी (स्कॉर्ट)** की प्रतिनियुक्ति की गयी है. इनके साथ पुलिस पदाधिकारियों. सशस्त्र बलों को भी लगाया गया है. जिला प्रशासन के अपर जिला दंडाधिकारी, विधि-व्यवस्था, पटना को नीट यूजी परीक्षा 2025 के लिए नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित किया गया है.

**आर्थिक अपराध इकाई की एडवाइजरी जारी**

परीक्षा को लेकर बिहार की आर्थिक अपराध इकाई ने भी एडवाइजरी जारी की है. कहा गया है कि डिजिटल माध्यमों का दुरुपयोग कर अभ्यर्थियों/आम जनमानस के बीच परीक्षा से संबंधित भ्रम फैलाया जा सकता है. साइबर अपराधी परीक्षा के प्रश्न पत्र/उत्तर पत्र उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी करने का प्रयास कर सकते हैं. EOU की ओर से जारी मोबाइल/व्हाट्सएप नंबर 8544428404 और ईमेल आईडी spcyber-bih@gov.in पर शिकायत की जा सकती है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.